हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 199 देहरादून, शनिवार, 28 जनवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



जनपद के 104 गांवों के रेगुलर पुलिस के जिम्मे करने के आदेश जारी 3

# तनाव मुक्ति एवं समय प्रबंधन से हर चुनौती का सामना किया जा सकता है : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से 'परीक्षा पे चर्चा- 2023' कार्यक्रम में देश के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं अभिभावकों से संवाद किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लक्ष्मण विद्यालय इंटर कॉलेज, पथरीबाग में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'परीक्षा पर चर्चा- 2023' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक विनोद चमोली, भूपाल राम टम्टा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा के छठवें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विद्यार्थियों को तनाव मुक्ति, समय प्रबंधन, कार्य दक्षता बढ़ाने, जीवन में विभिन्न चुनौतियों को पार करने के लिए गुरू मंत्र दिये। प्रधानमंत्री जी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद कर उनको जो प्रेरणा दी गई है, उनका अनुसरण करते हुए हमारे ये बच्चे भविष्य में देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है। हम आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं। आगामी 25 साल भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत का हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो, इसकी हमारे युवाओं पर बड़ी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में भी हम बेहतर कार्य कर ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। परमात्मा ने हमें जो स्वतंत्र अस्तित्व एवं व्यक्तिव दिया है, इसका हमें सही तरीके से उपयोग करना होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लक्ष्मण विद्यालय इंटर कॉलेज, पथरीबाग में स्कूली छात्र-छात्राओं से मिलकर उन्हें आगामी परीक्षाओं की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्रेरणा दी कि जीवन में जो भी कार्य करें, पूरे मनोयोग से करें। उन्होंने कहा कि मेहनत ही जीवन में रंग लायेगी। इसके लिए अपने भीतर की ताकत जानना जरूरी है। जब हम किसी कार्य को पूरे मनोयोग से करते हैं, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि जीवन में अनेक परीक्षाओं का सामना करना पड़ता है, इसके लिए तनाव लेने के बजाय, उन चुनौतियों को पार पाने के प्रयास करने चाहिए। यदि हमने जीवन में तनाव मुक्ति और समय प्रबंधन करना सीख लिया, तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं है। प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पर चर्चा- 2023' कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न स्कूलों से वर्चुअल माध्यम से मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, मेयर, अन्य जनप्रतिनिधगण, स्कूलों के विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं उनके अभिभावक जुड़े थे।






उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर सुशील कुमार की पत्नी को उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह की ओर से पुरस्कार प्रदान किया। कुमार ने सडक़ दुर्घटना के बाद क्रिकेटर ऋषभ पंत को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

# 27 अप्रैल को खुलेंगे बदरीनाथ के कपाट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी । वसंत पंचमी के पावन पर्व पर नरेन्द्रनगर स्थित राजमहल में राजपुरोहित ने बैकुंट धाम बदरीनाथ के कपाट खोलने की तिथि निकाली। शुभ मुहूर्त के अनुसार बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी 27 अप्रैल को सुबह सात बजकर 10 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिये खोले जाएंगे। बीते गुरुवार को वसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर नरेन्द्रनगर राजमहल में बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने का शुभ मुहूर्त निकाला गया। राजपुरोहित कृष्ण प्रसाद उनियाल ने महाराजा मनुजेन्द्र शाह की जन्म कुंडली देखने के साथ ग्रह नक्षत्रों की गणना कर बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की तिथि का शुभ मुहूर्त निकाला। साथ ही राजपुरोहित ने भगवान बदरीनाथ के अभिषेक के लिये तेल पिरोये जाने और कलश यात्रा (गाडूघड़ा) का दिन 12 अप्रैल को निश्चित किया। सदियों से चली आ रही परंपरा अनुसार भगवान बदरी विशाल के अभिषेक के लिए नरेन्द्रनगर के राज दरबार में सुहागिन महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिलबट्टे और मूसल से तिलों का तेल पिरोती है,



तेल को विशेष प्रकार की जड़ी बूटियों पका कर शुद्ध किया जाता है, जिसके बाद तेल को चांदी के घड़े (तेल कलश)रखा जाता है, और भगवान बदरीनाथ के अभिषेक के लिये बदरीनाथ धाम के लिये नरेन्द्रनगर से रवाना किया जाता है।

राजपुरोहित द्वारा निकाली गई तिथियों की घोषणा परंपरानुसार महाराजा मनुजेंद्र शाह ने घोषित की। उन्होंने भगवान बदरी विशाल से देश, प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर टिहरी सांसद राज्यलक्ष्मी शाह, श्रीजा शाह, बदरी केदार समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय, भाजपा प्रवक्ता विनोद सुयाल, किशोर पंवार, रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी, मुख्य कार्यकारी धर्माधिकारी योगेंद्र सिंह,राजपाल पुंडीर, अनिल ध्यानी आदि उपस्थित थे।

# वाहन दुर्घटना में दो कर्मचारियों की मौत, दो घायल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी । गणतंत्र दिवस की देर शाम पौड़ी-कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई। जबकि अन्य दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पर पुलिस ने सभी का रेस्क्यू कर जिला अस्पताल पौड़ी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने दो कर्मचारियों को मृतक घोषित कर दिया। पौड़ी-कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जखेठी - पिपलीपानी के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। घटना की सूचना आस पास के गांव के लोगों ने पुलिस को दी। सीओ सदर प्रेमलाल टम्टा एसडीआरएफ व पुलिस बल



के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने गहरी खाई से सभी लोगों को 108 एम्बुलेंस के मदद से जिला अस्पताल पौड़ी पहुंचाया। सीओ प्रेमलाल टम्टा ने बताया कि वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग में जखेटी और पीपलपानी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुआ । बताया कि वाहन में चार लोग सवार थे। ये सभी सतपुली से पौड़ी की ओर जा रहे थे। दुर्घटना में डीएम कार्यालय में तैनात लिपिक कुलदीप बिष्ट (42) पुत्र उमेद बिष्ट, निवासी चुरड़ गांव कांसखेत व लिपिक विपिन भट्ट(40) पुत्र घनानंद भट्ट, निवासी तहसील परिसर सतपुली की मौत हो गई है। दुर्घटना में सतपुली तहसील में तैनात लिपिक आशीष नेगी (36) पुत्र प्रकाश नेगी निवासी गिदरासू पोस्ट अदवाणी व वाहन चालक कृष्णा बिष्ट (48) पुत्र ख्यात सिंह, निवासी सीकू घंडियाल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# 20 मई को खुलेंगे भगवान रुद्रनाथ के कपाट

चमोली । विश्व प्रसिद्ध चतुर्थ केदारनाथ रुद्रनाथ ( हिमालय ) के कपाट 20 मई को खोले जाएंगे। गोपीनाथ मंदिर परिसर में रुद्रनाथ गद्दी स्थल पर पंचांग पूजा के साथ रुद्रनाथ के कपाट खोले जाने की तिथि का निर्धारण किया गया। रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुलने से पूर्व 15 मई से गोपीनाथ मंदिर में कपाटोद्घाटन की प्रक्रिया शुरू होगी। 15 से 17 मई तक रुद्रनाथ की उत्सव विगृह डोली गोपीनाथ मंदिर के परिसर में रुद्रनाथ गद्दी स्थल पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखी जायेगी। 17 मई को भगवान रुद्रनाथ की उत्सव विगृह डोली गोपीनाथ मंदिर से रुद्रनाथ हिमालय के रवाना होगी। 20 मई को विधिविधान के साथ ब्रह्म मुहूर्त पर रुद्रनाथ के कपाट खोले जायेंगे। इस बार रुद्रनाथ के पुजारी पंडित जनार्दन प्रसाद तिवारी होंगे।

# एनटीपीसी और बाईपास के विरोध में सडक़ों पर उतरे प्रभावित जनआक्रोश रैली निकाल किया प्रदर्शन



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । भू-धंसाव से प्रभावित जोशीमठ और आसपास के ग्रामीण शुक्रवार को सडक़ पर उतर आए। उन्होंने जनआक्रोश रैली निकाली और प्रदर्शन किया। उन्होंने भू-धंसाव के लिए एनटीपीसी की विद्युत परियोजना और हेलंग-मारवाड़ी बाईपास को जिम्मेदार बताते हुए इसे स्थायी तौर पर बंद करने की मांग की। उन्होंने एनटीपीसी वापस जाओ के नारे लगाए। कहा कि यदि सरकार इनको बचाने का प्रयास करती है तो आंदोलन और उग्र होगा।

शुक्रवार को भू-धंसाव से प्रभावित लोग बदरीनाथ बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे मारवाड़ी चौक होते हुए संस्कृत महाविद्यालय तक जन आक्रोश रैली निकाली और प्रदर्शन किया। लोगों ने एनटीपीसी वापस जाओ, बाईपास निर्माण बंद करो, प्रभावितों को उचित मुआवजा दो... के नारे लगाए।

संस्कृत महाविद्यालय परिसर में आयोजित सभा आयोजन में जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने कहा कि सभी लोगों की राय है कि जोशीमठ की बरबादी के लिए एनटीपीसी की तपोवन विष्णुगाड़ जल विद्युत परियोजना जिम्मेदार है। इसे तुरंत बंद करके कंपनी को वापस भेज देना चाहिए। साथ ही मांग की कि एनटीपीसी ने जितना खर्च किया है उसके दो गुना खर्च करके कंपनी को लोगों का पुनर्वास करना चाहिए। 27 दिनों से प्रभावित परिवारों के लोग धरना दे रहे हैं, लेकिन अभी तक पुनर्वास और मुआवजे को लेकर सरकार कोई निर्णय नहीं ले पाई है। कहा कि जोशीमठ के नीचे से बनाए जा रहे हेलंग-मरवाड़ी बाईपास को बनाने का फैसला भी वापस लिया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि यदि सरकार एनटीपीसी और बाईपास को बचाने का प्रयास करती है तो आंदोलन उग्र होगा। इस दौरान जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के प्रवक्ता कमल रतूड़ी, जोशीमठ ब्लॉक प्रमुख हरीश परमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष नैन सिंह भंडारी, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष चंडी प्रसाद बहुगुणा, भाकपा माले के गढ़वाल सचिव इंद्रेश मैखुरी, हरीश भंडारी, भरत सिंह कुंवर सहित सभी नौ वार्डों के साथ ही सेलंग, बडग़ांव, मेरग सहित अन्य गांवों के लोग मौजूद रहे।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से कांग्रेस करेंगी जन संवाद : नेगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी  हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि इस अभियान से कांग्रेस जनता से बेहतर संवाद करेगी। भारत जोड़ो अभियान की सफलता से भी आम लोगों को अवगत कराया जायेगा। चर्चा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तह मदन नेगी बाजार एवं समीपवर्ती क्षेत्रों में जन संपर्क कर रैली भी निकाली गई। आम लोगों से संवाद करते हुए विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। यात्रा ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य आपसी प्यार भाईचारे को मजबूत करना है। राहुल गांधी के संदेश को लेकर कांग्रेस घर-घर गांव-गांव जाकर कांग्रेस की नीतियों एवम विकास के प्रति सोच को पहुचाएगी। जनता से बेहतर सामंजस्य स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच विकासपरक है। लेकिन सत्ता में बैठे लोग निज स्वार्थ के चलते धर्म, जाति व प्रांत के नाम पर समाज में नफरत का जहर फैलाकर मूलभूत समस्याओं से ध्यान भटकाने का कार्य कर रही है।

आज प्रदेश में रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण, सडक़, बिजली व पानी जैसी समस्याओं से लोग जुझ रही है। जिस ओर प्रदेश व केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष मान सिंह रौतेला, नरेंद्र राणा, मेहरबान सिंह नेगी, गुमान सिंह पंवार, आनंद सिंह मंद्रवाल, किशोर सिंह मंदरवाल, बुद्धि राम जुयाल, रविंद्र जोशी, श्रीधर कुकरेती, दीनपाल, लक्ष्मी देवी, पुष्पा देवी, सरस्वती देवी, रोशन लाल, गंभीर सिंह नेगी, धनवीर नेगी, अनुराग भूषण, करन सिंह नेगी, प्रहलाद सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया जी-20 की तैयारियों को लेकर स्थलीय निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी । जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर डीएम डा सौरभ गहरवाने जिले के अधिकारियों के साथ ग्रोथ सेंटर हिण्डोलाखाल, ग्राम पंचायत सौनी, ग्राम पंचायत औणी, ग्राम पंचायत कोडारना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्रोथ सेंटर हिण्डोलाखाल में कलस्टर के रूप में कार्य कर रही कुंजापुरी कलस्टर स्वायत्त सहकारिता समूह आगराखाल की महिलाओं से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि आगामी माह मई-जून में जी-20 का सम्मेलन प्रस्तावित है। इसको लेकर जनपद की सशक्त महिलाओं के किये जा रहे कार्यों को प्रदर्शित करने का प्लान है। इसके लिए किसी स्थान को चिन्हित करने, उत्पादों की पैकेजिंग अच्छी करने तथा किसी उपकरण की आवश्यकता होने पर अवगत कराने को कहा। डीएम ने अधिकारियों की टीम के साथ ग्राम पंचायत सौनी, ग्राम पंचायत औणी तथा ग्राम पंचायत कोडारना का निरीक्षण किया गया। पारम्परिक शैली पटाली से बने मकानों, जीवन यापन से संबंधित पौराणिक धरोहर यथा हाथ से संचालित चक्की (जान्द्रा), धान कूटने वाली ओखली (गंजयली-उरख्याली), दही मथने के उपकरण (रौड़ी-परौड़ी), सूपा, गोबर डालने वाली कंडी(ठोपरी), मिट्टी से बने चूल्हे, खेतों को जोतने वाले हल, पहाड़ी वाद्ययंत्र ढोल-दमाऊ, ग्राम पंचायत की आबादी, साफ-सफाई और किसानों की उत्पादित फसलों, पंचायत भवन, आंगनवाडी केंद्र आदि को देखकर जानकारी कलक्ट की।

ग्राम पंचायत सौनी में पारम्परिक शैली पटाली से बने एक मकान को होमस्टे में कवर करने को कहा। ग्राम पंचायत औणी में डीएम ने सामुदायिक मिलन केंद्र की मरम्मत करने के निर्देश दिए। सोलर पम्पिंग के लिए सीएओ को इस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की दैनिक दिनचर्या की रुपरेखा तैयार करने को डीडीओ को तथा तीनों गांव की आबादी, सडक़ से दूरी व सुविधाओं को लेकर अपडेट तैयार करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीडीओ मनीष कुमार, एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र नेगी, सीएओ अभिलाषा, डीपीआरओ एमएम खान, सुभाष गहतोड़ी, एमएम डिमरी, एडीपीआरओ राकेश, प्रधान सौनी चंद्रमा, प्रधान औणी रविंद्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गैरसैंण में धूमधाम से मनाया गया गंणत्रंत दिवस

चमोली । गैरसैंण विकासखंड में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ठंड के बावजूद विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकर्मों की प्रस्तुतियां दी। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर विधानसभा परिसर भराड़ीसैंण में विधान सभा प्रभारी सचिव चंद्र मोहन गोस्वामी, विकासखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख शशि सोरियाल, नपं कार्यलय में अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत ने राष्ट्रीय झंडा फहराया। प्रखंड़ के पंचाली गांव में गैरसैंण स्थाई राजधानी समिति द्वारा बनाये गये राज्य शहीद स्थल पर समिति के अध्यक्ष नाराण सिंह बिष्ट ने तिरंगा झंडा फहराया। मौके पर जसवंत बिष्ट, पुष्पा देवी, क्षेपंस वीरेन्द्र लाल, नंदा बल्लभ,पदम सिंह, सुजान, हिमांशु, देवेन्द्र, किशोर रावत, राजेन्द्र आदि मौजूद थे।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में की भागीदारी

चमोली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय गोपेश्वर समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र, छात्राओं और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। आगामी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को गम्भीरता से सुना। केंद्रीय विद्यालय गोपेश्वर के 320 विद्यार्थियों, बीएससी नर्सिंग के लगभग 80 विद्यार्थियों ने नर्सिंग कॉलेज के सभागार में ऑनलाइन मोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भागीदारी की। इस अवसर पर नर्सिंग कालेज की प्रधानाचार्य डा ममता कपरुवाण केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पराग, हेमलता, प्रदीप कुमार, हरभगवान, रीना नेगी, आज़ाद सिंह, मनीष कुमार, नितिन, श्रद्धा, पूनम राणा, दीपेन्द्र, रवि, दीप्ति, आशीष नेगी, घनश्याम, प्रमोद भट्ट सहित विद्यार्थी शामिल रहे।

### थराली में मध्य पिंडर रेंज के जंगल में आग

चमोली । थराली में बदरीनाथ वन प्रभाग मध्य पिण्डर रेंज के जंगल में आग लगने से लाखों की वन संपदा स्वाह हो गई है। थराली के निकट सुना गांव के आसपास के जंगल में शुक्रवार की दोपहर से जंगल आग से बुरी तरह झुलस रहे हैं। फायर सीजन शुरू होने से पहले ही इस बार मध्य पिण्डर रेंज के इस जंगल में यह दूसरी बार आग की घटना हुई है जिसे लेकर आसपास के लोग भी चिंता व्यक्त कर रहे हैं। अनुमान के मुताबिक आग की लपटें जिस तरह दिख रही है उसे बड़ी मात्रा में वन संपदा की खाक होने की का अंदाजा लगाया जा रहा है।

### फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का हुआ अन्तिम प्रकाशन

चमोली । वर्तमान में जनपद में 297980 मतदाता हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बीएस रावत ने बताया कि  01 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस बार 5373 मतदाता जुडे जबकि 3493 मतदाता हटे।  बद्रीनाथ विधानसभा में 547, थराली विधानसभा में 1135 तथा कर्णप्रयाग विधानसभा में 198 मतदाता बढे।  बद्रीनाथ विधानसभा में कुल 102536 मतदाता जिसमें 52817 पुरुष व 49717 महिला तथा 2 ट्रांसजेण्डर हैं।  थराली विधानसभा कुल 102485 मतदाता जिसमें 52808 पुरुष व 49677 महिला हैं।  कर्णप्रयाग विधान सभा में कुल 92959 मतदाता जिसमें 46664 पुरुष तथा 46295 महिला हैं।

### शंकराचार्य ने सनातन धर्मियों को दी शुभकामनाएं

चमोली । बदरीनाथ मंदिर के कपाट 27 अप्रैल को खोले जाने की तिथि निर्धारित होने पर ज्योर्तिमठ ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने सभी सनातन धर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। ज्योर्तिमठ के प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुंदा नन्द महाराज ने जानकारी देते हुए बताया बदरीनाथ के कपाट खुलने की तिथि घोषित होने पर ज्योतिष्पीठ पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य अनंत श्रीविभूषित स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज ने भी सभी सनातन धर्मावलंबियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि भगवान बदरीविशाल की कृपा से आगामी 27 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली धाम यात्राएं निर्विघ्नं संपन्न होंगी। शंकराचार्य के शिष्य ज्योतिर्मठ के प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुंदानंद ने बताया कि दूरभाष पर बदरीनाथ मंदिर के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल और बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष ने भी ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य से आशीर्वाद लिया और उन्हें बदरीनाथ आने का आमंत्रण दिया। इसके अलावा राजा मनुजेंद्र शाह को ज्योतिर्मठ आने का आमंत्रण दिया।

### गणतंत्र दिवस पर खुशहाली की कामना की गई

नई टिहरी । 74वां गणतंत्र दिवस जनपद टिहरी में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला कलेक्ट्रेट सहित जनपद के समस्त शासकीय, अद्धशासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ ही विभिन्न देश भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गये। जनपद मुख्यालय में प्रताप नगर इंटर कालेज बौराड़ी में डीएम डा सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने प्रतिभाग किया। यहां पर सशस्त्र पुलिस, नागरिक पुलिस, पीएसी, महिला नागरिक पुलिस, होमगाड्र्स, पीआरडी जवानों व एनसीसी कैडिट ने पथ संचलन किया। इसके साथ ही एसडीआरएफ, मोटरसाईकिल चीता पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन, इंटरसेप्टर एवं विभिन्न विभागों ने शानदार झांकियों का प्रदर्शन किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नौटियाल, जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राकेश राणा ने भी सम्बोधन किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील कोटनाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसएसपी नवनीत सिंह भूल्लर, सीडीओ मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### ठांगधार में हुआ बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

नई टिहरी। डीडीओ सुनील कुमार की मौजूदगी में चंबा ब्लाक के ग्राम पंचायत सौड़ के जीआईसी ठांगधार में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 13 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गए। शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने विभागीय स्टॉल के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग ने 6 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये। 52 लोगों की स्वास्थ्य जांच तथा 24 लोगों की नेत्र की जांच की। शिविर में सीएओ अभिलाषा भट्ट, एसीएमओ एलडी सेमवाल, डीएसडब्लूओ केएस चौहान, डीपीआरओ एमएम खान आदि मौजूद रहे।

# जनपद के 104 गांवों के रेगुलर पुलिस के जिम्मे करने के आदेश जारी

## थाना ऊखीमठ के 24 और चौकी चोपता के 80 गांव शामिल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग । ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए शासन के निर्देशों पर जिलाधिकारी ने जनपद के 104 गांवों के रेगुलर पुलिस के जिम्मे करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अब इन गांवों में कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस की जिम्मेदारी बढ़ गई है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि जिन राजस्व ग्रामों को पुलिस व्यवस्था के अधीन किया गया, उनमें रिपोर्टिंग पुलिस चौकी चोपता, थाना ऊखीमठ के कुल 24 राजस्व गांवों शामिल है। इनमें राजस्व ग्राम तुंगनाथ, चोपता, बनियाकुंड, दुगलबिट्टा, पोथीबासा, पैलिंग, औरिंग, उथिंड, कुहेड़, उषाड़ा, हुड्डू, कांडा, सेमार, बंरगाली, भनकुण्ड, गुण्डाग्वाड़, चिनग्वाड़, गुज्जरवाड़, ढिलनाग्वाड़, लक्ष्मणग्वाड़, कैल, जगपुड़ा, पाब व मक्कू को सम्मिलित किया गया है। रिपोर्टिंग पुलिस चौकी चोपता थाना रुद्रप्रयाग के 80 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। इनमें कांडा, उखोली, बछनी, घिमतोली, कोलू भन्नू, क्यूड़ी, तड़ाग, भटवाड़ी, स्वांरी ग्वांस, बैंजी कांडई, क्यूड़ी मलांस, आगर जवाड़ी, बौरा मल्ला, महड़ तल्ला, तलगढ़, महड़मल्ला, कोखंडी, डुंग, जग्गी कांडई, बणथापला, जरम्वाड़, थपलगांव, इशाला, बौरा तल्ला, बावई, चोपड़ा, बंड्डीकोट, बर्सिल पवेक, मयकोटी, बमोली, कुमोली मालकोटी, कर्णधार, कादोलग्गा दरम्वाड़ी, खत्याणा, चौकी बर्सिल, तमिंड, तोलब, दरम्वाड़ी, धौलसारी, नारी, पोला, बौंठा लग्गा खत्याणा, सन, सतेरा, स्यूपुरी, स्यूंड ढामक, कुंडा दानकोट, मलाऊं, गडील, फलासी, बोरा, चामक, गोरणा, जाखणी, वारी डांग, लोदला, गड़सारी, चमस्वाड़ा, चोपड़ा, धारकोट, निर्वाली, बज्यूण, गडमिल, भैंसारी, पाली मल्ली, देवलख, डुंग्री, उत्तसूं, सेमलसारी, पाटीलग्गाकोठगी, भेडगांव, पाली जैखंडा, टेमना, सणगु, चापड़, पाली तल्ली, गंधारी, जोंदला, क्वीली व कुरझण सम्मिलित है।



## गणतंत्र दिवस पर उत्तराखंड झांकी




## गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया

रुद्रप्रयाग । नागेन्द्र इंका बजीरा में गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत ने तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर बतौर मुख्य भाजपा मण्डल अध्यक्ष धूम सिंह राणा ने भी स्वतंत्रता आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए छात्र छात्राओं से इस ऐतिहासिक दिन पर मां भारती के सपूतों के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से जुडकर आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान क्षेत्रीय जनता से किया है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों में गढ़वाली जागर नन्दा देवी राजजात यात्रा पर आधारित शानदार झांकियां,शिव स्तुति सहित कई लोक गीत व नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान जीत सिंह राणा,जीत सिंह पुण्डीर,रतनमणी काला सहित कई लोग मौजूद थे।

## परीक्षा में चर्चा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओ ने सीखी जानकारी

पौड़ी । जीआईसी पौड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि बच्चों को परीक्षा के समय ही नहीं बल्कि जीवन के हर समय टाइम मैनेजमैंट के लिए तैयार रहना चाहिए और नकल जैसी बुरी आदतों से बचना चाहिए। वहीं, राइंका खोलाचौरी में प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल महावीर सिंह बिष्ट ने छात्र छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को तनावमुक्त वातावरण सृजन कर छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान और समाजिक परिवेश में समन्वय स्थापित कर उच्च मूल्य प्राप्त करने की दिशा मे जागरूक होने की बात कही। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी, जयेष्ठ प्रमुख प्रमिला नेगी, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष प्रमोद नेगी ने छात्रों का परीक्षा पे चर्चा के तहत मार्ग दर्शन किया। इस मौके पर सुरेशचंद्र, सुशील बलोदी, उमा देवी, वर्षा भट्ट, दिक्का देवी, बबीता देवी, ममता देवी आदि शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया हीरो मोटोकॉर्प लि. द्वारा राजस्व विभाग को उपलब्ध कराई गई 320 मोटर साइकिलों का फ्लैग ऑफ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में हीरो मोटोकॉर्प लि. द्वारा राजस्व विभाग को उपलब्ध कराई गई 320 मोटर साइकिलों का फ्लैग ऑफ किया। ये मोटर साइकिलें राज्य के पर्वतीय जनपदों के लिए दी गई हैं। राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षकों को आपदा कार्यों, कानून व्यवस्था में सहयोग हेतु क्षेत्रीय भ्रमण, राजस्व से संबंधित विभिन्न कार्यों के त्वरित निस्तारण के लिए ये मोटर साइकिलें दी जा रही हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हीरो मोटोकॉर्प का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षकों को इन मोटर साइकिल की सुविधा मिलने से जन समस्याओं के निदान एवं विभिन्न कार्यों के लिए क्षेत्रों में भ्रमण करने में सुविधा होगी। राजस्व उप निरीक्षकों को दी गई इस सुविधा से उन्हें कार्यों को शीघ्रता से करने में सुविधा मिलेगी तो दूसरी ओर जन समस्याओं का समाधान भी तेजी से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्मिकों को भी बेहतर कार्य करने के लिए हर संभव सुविधाएं दिये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।




इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव एवं आयुक्त राजस्व चन्द्रेश यादव, हीरो मोटोकॉर्प के सी.एस.आर हेड भारतेन्दु कबी, उप राजस्व आयुक्त मो. नासिर एवं सहायक राजस्व आयुक्त के.के. डिमरी उपस्थित थे।

# राइंका मक्कूमठ में हुए कई कार्यक्रम

रुद्रप्रयाग । गणतंत्र दिवस के पर राइंका मक्कूमठ में विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष व समाजसेवी भूपेंद्र प्रसाद मैठाणी द्वारा पठन पाठन सामग्री एवं अन्य कार्यों लिए इक्यावन हजार रुपये और निर्धन छात्रों को पांच हजार रुपए की धनराशि दी गयी। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेहनत व लगन के साथ पढाई करने से ही सफलता प्राप्त होती है और बेहतर भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि यही वह समय होता है जब हम अपने भविष्य की नींव को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर क्षेपंस सुनीता चौहान,ग्राम प्रधान विजयपाल सिंह नेगी,,प्रधानाचार्य अवतार सिंह राणा, ऋषि सेमवाल, राधाकृष्ण नौटियाल, नागेन्द्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद ,सुशील चन्द्र ,सुरेशानन्द सेमवाल, कैलाश राणा, सतीशचन्द्र आदि थे।

## भराड़ीसैंण में कांग्रेस का अभियान शुरू

चमोली । गैरसैंण। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश नेगी ने विस परिसर भराड़ीसैंण से सटे गांवों में कांग्रेस पार्टी का हाथ से हाथ मिलाओ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र बिष्ट , ब्लॉक अध्यक्ष दान सिंह नेगी, मोहन लाल टम्टा, सुरेन्द्र लाल , पूरन आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस जिअ मुकेश नेगी ने जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुये कहा कि सरकार ने जोशीमठ प्रकरण से जनता का ध्यान हटाने के लिए ऐसा किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### राइंका रुद्रप्रयाग सडक़ का हुआ लोकापर्ण

रुद्रप्रयाग । बीते लम्बे समय से खराब स्थिति में पड़ी राइंका रुद्रप्रयाग की सडक़ अब सुंदर एवं आकर्षक रूप से तैयार कर दी गई है। राजकीय इंटर कॉलेज सडक़ रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, नपा अध्यक्ष गीता झिंक्वाण एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संयुक्त रूप से लोकार्पण कर दिया है। नगर के वार्ड 6 में बदरीनाथ हाईवे से राजकीय इंटर कॉलेज निर्मित सडक़ का लोकार्पण किया गया। साथ ही सडक़ को लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। बीते लंबे समय से सडक़ की हालत अत्यधिक खस्ताहाल में थी। जिससे स्थानीय जनता एव स्कूली बच्चों को आने जाने में बड़ी दिक्कतें होती थी। वर्ष 2022 में रेलवे विकास निगम के माध्यम से आर एंड आर मद से धनराशि स्वीकृत होने के बाद नगर पालिका रुद्रप्रयाग द्वारा सडक़ निर्माण के लिए 65 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई। सडक़ लोकार्पण के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष गीता झिंक्वाण ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि नगर क्षेत्र की हर समस्या का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि नगर की समस्या के लिए समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। विधायक भरत सिंह चौधरी ने अच्छी गुणवत्ता के साथ सडक़ निर्माण कार्य करवाने के लिए नगर पालिका को बधाई दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, पूर्व नपां अध्यक्ष देवेंद्र झिंक्वाण, सभासद सुरेंद्र रावत, अंकुर खन्ना, उमा देवी, रुकमणि देवी, सुनील नौटियाल जिला महामंत्री भारत भूषण भट्ट, अजय सेमवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

पौड़ी । अवैध शराब का व्यापार करने वालों के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। पौड़ी पुलिस ने राजस्व क्षेत्र से रेगुलर पुलिस थाने में सम्मिलित हुए परसुण्डाखाल क्षेत्र से 9 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए सभी थानाप्रभारियो को चेकिंग के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उत्तराखण्ड शासन द्वारा कई राजस्व क्षेत्रों के गांवो को रेगुलर पुलिस में शामिल किया गया है। जिसमें परसुण्डाखाल क्षेत्र भी अब थाना पौड़ी में सम्मिलित हुआ है। पौड़ी पुलिस द्वारा राजस्व क्षेत्र से रेगुलर पुलिस में सम्मिलित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते हुए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि चेकिंग के दौरान अभियुक्त मेहताब सिंह उर्फ महतू लाला व मेहरबान सिंह को परसुण्डाखाल के पास से 9 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ कोतवाली पौड़ी में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हेमकांत सेमवाल, कांस्टेबल महेश चंद्र, दिनेश नेगी, देवेंद्र कुमार शामिल थे।

### 274 लोगों ने ने उठाया स्वास्थ्य का लाभ

पौड़ी । हंस अस्पताल चमोलीसैंण सतपुली में तीन दिवसीय जनरल सर्जरी एवं स्त्री जांच रोग शिविर का शुक्रवार को शुभांरभ किया गया । शिविर के पहले दिन 274 लोगों का परीक्षण किया गया। अस्पताल में आयोजित शिविर में डा. अरुणेश दुबे ने हर्निया, पाइल्स, पथरी, स्तन कैंसर, शरीर में गांठ, एवं पेट से संबंधित 274 मरीजों का परीक्षण किया। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. दीक्षा शर्मा द्वारा गर्भवती परामर्श, बच्चेदानी की रसौली, बच्चेदानी का ऑपरेशन एवं हर प्रकार के स्त्री रोगो के 157 मरीजों परीक्षण किया । जिसमें 23 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया गया है जिनका दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में निशुल्क 51 अल्ट्रासाउंड, 7 सीटी स्कैन, एक्सरे खून की जांचे की गई। जनरल सर्जरी एवं स्त्री रोग जांच क्लिनिक शनिवार व रविवार को भी चलेगा ।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में छात्रों ने पीएम से सीखे परीक्षा के गुर

पौड़ी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के जरिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद कर रहे हैं । इस प्रोग्राम के जरिए छात्रों के मन से बोर्ड परीक्षा का डर निकालने और बेहतर तैयारी के गुर बता रहे हैं । पोखड़ा के जनता इण्टर कॉलेज लियाखाल में भी छात्र छात्राओं ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से परीक्षा के गुर सीखे । इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य सुनीता बिष्ट ने छात्र/छात्रों को परीक्षा संबंधी टिप्स दिए। दूसरी ओर द्वारीखाल ब्लाक के राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज द्वारीखाल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चर्चा कार्यक्रम छात्र-छात्राओं की परीक्षा में कारगर सिद्ध होगा । जिससे छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा । इस अवसर पर ग्राम प्रधान सिलेत राजपाल रावत, शालिनी रावत, सुमन कली भारती, डा0शैलेंद्र गिरी, बिपिन गुसाईं, जयदेव बिष्ट, नरेंद्र रावत, बलवीर रावत , सुमन ढौंडियाल, पूरण सिंह, मनीष नेगी, पृथ्वी पाल, बलवीर रावत,आदि मौजूद रहे।

### गोपेश्वर में कांग्रेस का जिपं अध्यक्ष को हटाने का विरोध

पौड़ी । चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष रंजनी भंडारी की बर्खास्ती के विरोध में शुक्रवार को चमोली जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गोपेश्वर और पीपलकोटी में प्रदर्शन किया गया। मौके पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज किया। गोपेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य स्टेशन पर सरकार का पुतला फूंका और मुख्यमंत्री तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस ने जिला पंचायत अध्यक्ष की बर्खास्ती का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही गोपेश्वर बस स्टेशन के तिराहे पर सीएम और प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। लोकतांत्रिक तरीके से चुन कर आये जनप्रतिनिधियों को हटाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जोशीमठ के वर्तमान में जो हालात बने हुए है वह तो सरकार से संभल नहीं पा रहे उल्टा जनता का ध्यान भटकाने के लिए विरोधी पक्ष के जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधा जा रहा है । इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सजवाण, पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पुरोहित, रजा चौधरी, संदीप भंडारी, नरेंद्र भारती, संदीप झिंक्वाण, किशोरी लाल आदि मौजूद थे।

# नक्सलियों का अभेद्य गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ पर पहली बार फहरा तिरंगा, 100 करोड़ का स्पेशल प्रोजेक्ट किया लांच

रांची (एजेंसी) । लगभग तीन दशकों तक माओवादी नक्सलियों का अभेद्य पनाहगाह रहे झारखंड के बूढ़ा पहाड़ पर आज पहली बार तिरंगा फहराया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को यहां तिरंगा फहराने के साथ ही इस पहाड़ और आसपास के 22 गांवों के विकास के लिए 100 करोड़ की विशेष परियोजना 'बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट' की लांचिंग की।




झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ को सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से चलाए गए 'ऑपरेशन डबल बुल' और 'ऑपरेशन ऑक्टोपस' के तहत नक्सलियों के कब्जे से बीते सितंबर महीने में मुक्त कराया गया था। 55 वर्ग किलोमीटर में फैले और झारखंड के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के जंगलों से घिरे बूढ़ा पहाड़ पर पिछले 32 सालों से नक्सलियों का कब्जा था। सुरक्षा बलों द्वारा बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से आजाद कराने को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में उल्लेखनीय कदम बता चुके हैं।

शुक्रवार को घने जंगलों से घिरे इस पहाड़ पर बनाए गए अस्थाई हेलीपैड पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर उतरा तो वहां मौजूद ग्रामीणों ने तालियां बजाकर खुशी का इजहार किया। सोरेन यहां पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। पहाड़ की चोटी पर तिरंगा फहराने के बाद मुख्यमंत्री ने यहां तैनात सुरक्षा बलों और पुलिस के जवानों के साथ संवाद किया और दुरूह अभियान की सफलता पर उन्हें बधाई दी। कहा कि आपके कठिन अभियान की बदौलत इस पूरे इलाके में अब शांति है।

सोरेन ने इसके बाद बूढ़ा पहाड़ की तराई में स्थित टेहरी पंचायत के ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत स्थानीय लोगों के बीच मिनी ट्रैक्टर, पंपसेट, बीज, कृषि संबंधी किट, राशन किट, फुटबॉल किट, साइकिल आदि का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने बूढ़ा पहाड़ की तराई में स्थित गांवों में सोलर विद्युतीकरण और पेयजलापूर्ति योजनाओं के साथ-साथ मनरेगा के तहत कूप निर्माण, दीदी बाड़ी, मेडबंधी निर्माण, समतलीकरण निर्माण, तालाब निर्माण मिट्टी मोरम पथ निर्माण, पोटो हो खेल मैदान, डोभा निर्माण, गाय एवं बकरी शेड निर्माण समेत कुल 106 योजनाओं की शुरूआत की।

# पीएम द्वारा परीक्षा पे चर्चा स्व-प्रबंधन पर एक मास्टरक्लास थी : शाह



नई दिल्ली , एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने वाली बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर शुक्रवार को देश भर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा की। इस संवाद कार्यक्रम का आयोजन राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया गया था। इसको लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम द्वारा परीक्षा पे चर्चा स्व-प्रबंधन पर एक मास्टरक्लास थी।

अमित शाह ने कार्यक्रम के कुछ समय बाद एक ट्वीट करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा स्व-प्रबंधन पर एक मास्टरक्लास थी, जो हमारे युवा दिमाग को और समृद्ध करेगा और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। शाह ने कहा कि समय और तनाव प्रबंधन के सरल समाधान और गैजेट पर निर्भरता कम करना दक्षता बढ़ाने के नए मंत्र हैं।

गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लाखों छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा की। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें छात्रों ने पीएम मोदी से सीधे कई सवाल किए।

## समीर मुखर्जी ने शानदार प्रदर्शन से जीता सीसीबीडब्ल्यू गणतंत्र दिवस शतरंज टूर्नामेंट

लखनऊ । लखनऊ के समीर मुखर्जी ने सीसीबीडब्ल्यू गणतंत्र दिवस शतरंज टूर्नामेंट में टाइब्रेक स्कोर में बेहतर प्रदर्शन के सहारे विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ) के तत्वावधान में क्लब के ऑफिस में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित टूर्नामेंट के अंतिम राउंड के बाद समीर और अनुभव सिंह दोनों के 5-5 अंक थे लेकिन टाइब्रेक स्कोर के चलते समीर पहले और अनुभव दूसरे पायदान पर रहे। इससे पहले अंतिम राउंड में पहुंचे समीर और अनुभव सिंह दोनों के 4 अंक थे और उदित दुबे 4.5 की बढ़त के साथ सबसे आगे थे। उदित अगर अंतिम राउंड में ड्रा भी खेल लेते तो वो खिताब जीत जाते लेकिन अनुभव से हार ने उनका सपना तोड़ दिया। दूसरी ओर समीर ने चिन्मय को मात दी। टूर्नामेंट में विनीता अग्रवाल ने 2.5 अंकों के साथ बेस्ट चेस मॉम का पुरस्कार जीता। ऐमान अख्तर 4 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला (21 साल से ज्यादा ) रहीं। उनके बाद जुसफिका लिलियम लोबो 3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही।समापन समारोह में मुख्य अतिथि कमलेश कुमार केशरवानी ने पुरस्कार बांटे, जिन्होंने खुद वेटरन (61 साल से ज्यादा) वर्ग में 4 अंक के साथ ट्रॉफी जीती।

## पौड़ी में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू

पौड़ी । पौड़ी में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ों अभियान की शुरुआत पौड़ी से भी हो गई। कांग्रेस ने इस अभियान को सभी विधानसभाओं में शुरू किया है। विधानसभाओं के बाद अब यह ब्लाक और गांव स्तर तक विस्तार किया जाएगा। पौड़ी विधानसभा समन्वयक कविन्द्र ईष्टवाल ने कहा कि जिला मुख्यालय से कांग्रेस पदाधकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान दो महीने तक चलेगा। सभी ग्राम पंचायतों से लेकर बूथ स्तर तक यात्रा का संदेश का दिया जाएगा। ईष्टवाल ने इस दौरान घर-घर जाकर जनसंपर्क किया जाएगा। साथ ही जो सरकार के खिलाफ चार्जशीट तैयार की गई है उसे पर्चे में बांटे जाएंगे। अभियान के तहत पौड़ी कलक्ट्रेट से यात्रा शुरू की गई कि जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, वीर प्रताप सिंह, नीलम रावत, मनोज रावत, वीरेंद्र रावत, मनमोहन सिंह, जगमोहन सिंह नेगी, आशीष नेगी, मोहित सिंह, राहत हुसैन, भूपेंद्र लिंगवाल, तसलीम जावेद, भरत सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# 20 फरवरी से डीएम कार्यालय में धरना देंगे खंबा खाल के लोग

नई टिहरी । प्रतापनगर ब्लाक के उपली रमोली पट्टी के ग्राम खंबा खाल के स्थानीय लोगों ने डीएम डा सौरभ गहरवार को ज्ञापन देकर उनकी शिकायत पर गांव में हो रहे विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर सही तरीक से जांच न कर अधिकारियों के ध्यान न दिये जाने को लेकर डीएम कार्यालय में आगामी 20 फरवरी से धरना देने की चेतावनी दी है। ज्ञापन के माध्यम से डीएम को को शिशु भूषण भट्ट, सुरेंद्र प्रसाद सेमवाल, हरि प्रसाद भट्ट, भवानी शंकर भट्ट आदि ने अवगत कराया है कि बीती 12 दिसंबर, 2022 को जनता दर्शन कार्यक्रम में ग्राम खंबा खाल में विकास कामों में अनियमितताओं को लेकर शिकायत पत्र सौंपा गया। जिसे लेकर विकास विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गये, लेकिन अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से न लेते हुए जांच में कोताही बरतते हुए खानापूर्ति की। जबकि मूल शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। कार्यवाही न होने से खफा लोगों ने आगामी 20 फरवरी से डीएम कार्यालय में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा है।




# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लखनऊ । उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकी परेड में झांकी प्रदर्शित की गयी। इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की झांकी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। झांकी में विश्व गुरु भारत, कोरोना महामारी में योग एवं आयुर्वेद की महत्ता विषय पर झांकी प्रदर्शित की गयी। झांकी का मुख्य उद्देश्य ''सर्वे भवन्तु सुखिनाः सर्वे सन्तु निरामयाः'' रखा गया। जिसका अर्थ है सभी सुखी होवें, सभी रोगमुक्त रहें।

यह जानकारी देते हुए निदेशक उ0प्र0 संस्कृत संस्थान विनय श्रीवास्तव ने बताया कि झांकी में भारतीय आयुर्वेद पद्धति और भारतीय टीकों के माध्यम से कोरोना महामारी को परास्त करते हुए दिखाया गया है। झांकी के अग्र भाग में संस्थान के नवनिर्मित भवन को दिखाया गया है। झांकी के पैनल पर संस्थान द्वारा चलायी जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं को दर्शाया गया है, जिसमें आओ संस्कृत सीखें, आओ योग सीखें, आओ पौरोहित्य सीखें शीर्षक के अन्तर्गत सरल संस्कृत संभाषण, योग और पौरोहित्य प्रशिक्षण को प्रदर्शित किया गया है। इसी प्रकार पैनल पर संस्थान द्वारा संस्कृत छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान दिया जा रहा है। इसी प्रकार पैनल पर संस्थान द्वारा संस्कृत विषय रखकर सिविल सेवा की कोचिंग ले रहे छात्रों को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही पैनल पर संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को भी प्रदर्शित किया गया है।

# आयुष और योग के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के आवास पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा शुक्रवार को अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश में आयुष और योग के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण में निवेश की संभावनाओं को जुटाने तथा अधिक से अधिक निवेश को आकर्षित करने के लिए स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान केंद्र जिगनी, बैंगलोर के प्रतिनिधियों तथा उत्तर प्रदेश शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

कृषि मंत्री शाही के कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सूर्य प्रताप शाही ने स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान जिगनी बेंगलुरु के कुलपति डॉ. एच आर नागेंद्र से अपील की कि विश्वविद्यालय का एक परिसर उत्तर प्रदेश में भी खोला जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जड़ी-बूटी तथा औषधीय पौधों के उत्पादन में रुचि रखने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने यह विश्वास व्यक्त किया कि आयुष और योग पर प्रस्तावित कार्यक्रम के माध्यम से हम प्रदेशवासियों को स्वस्थ और समृद्ध जीवन की ओर ले जाएंगे।

आयुष तथा योग के क्षेत्र में एस-व्यासा के नाम से प्रसिद्ध स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान जिगनी बेंगलुरु के कुलपति डॉ. एच आर नागेंद्र के द्वारा योग तथा आयुष में संभावित क्षेत्रों के विषय में विस्तार से बताया गया। प्रदेश के आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा उत्तर प्रदेश में उपलब्ध संभावनाओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त शासन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस विषय पर विचार विमर्श किया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि प्रदेशवासियों की उन्नति के लिए सरकार आयुष और योग को प्रोत्साहित कर रही है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव आयुष आराधना शुक्ला, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद उपस्थिति रहे।

# संगम तट से कांग्रेस का हाथ जोड़ो अभियान शुरु

नई टिहरी देवप्रयाग संगम तट से कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत हुई। अभियान में नरेंद्रनगर, कीर्तिनगर और देवप्रयाग ब्लॉक के कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। तहसील मुख्यालय से देश की एकता और अखंडता के नारे लगाते कांग्रेसी दीन दयाल पार्क में पहुंचे। अभियान संयोजक अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल की अध्यक्षता में जिलाध्यक्ष उत्तम असवाल ने दो माह चलने वाले इस अभियान की रूपरेखा कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। नरेन्द्रनगर के पूर्व विधायक ओमगोपाल रावत ने कार्यकर्ताओं से घर-घर तक पार्टी की नीति रीति को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में हुए कार्यों को भाजपा अपने नाम से भुनाने में लगी है। मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र कंडारी, जगमोहन भंडारी, डॉ. प्रताप भंडारी, मनवीर नेगी, महावीर खरोला, रघुवीर भंडारी, कुंदन सिंह बिष्ट, त्रिवेंद्र रावत, राजेंद्र चंद, नंदन टोडरिया, श्यामलाल आर्य, आशीष रानाकोटी,अंकित सिंह,आशीष पंवार, सुनील आर्य, दिनेश मास्टर, कुंदन आर्य, दिनेश सकलानी, डॉ. जेपी उनियाल, मोहनानंद डोभाल, मकान सिंह चौहान, कमल भंडारी, मंगल मठियाल, विक्रम बिष्ट, शशि प्रकाश भट्ट, अनिल रावत, विनोद रौथान, कुसुम सेमवाल, सुमन रावत आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री ने दी विरोधियों को नसीहत कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे'

ऋषिकेश । मध्य प्रदेश के बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री उत्तराखंड पहुंचे हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट एक वीडियो में वे बता रहे है कि वे दो से तीन दिन की यात्रा पर हैं। इसकी कड़ी में वे उत्तराखंड आए हैं। उनका कहना है कि वे उत्तराखंड के संतों को बागेश्वर धाम में होने वाले आयोजन का आमंत्रण देने आए हैं।

# भाजपा विधायक चुफाल को मिली जान से मारने की धमकी, कहा- 'गाजर-मूली की तरह काट दूंगा'

पिथौरागढ़। उत्तराखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री व डीडीहाट विधायक बिशन सिंह चुफाल को एसएमएस के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने कहा है कि 'वह उन्हें गाजर-मूली की तरह काट देगा या फिर इतनी अधिक टेंशन देगा कि उन्हें हार्ट अटैक आ जाएगा और मृत्यु हो जाएगी, तब जाकर कोई दूसरा व्यक्ति विधायक बन पाएगा'। धमकी देने वाले का नाम अनिल कापड़ी बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपी के खिलाफ धारा 323, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी आरोपी युवक ने चुफाल को धमकी दी थी और बाद में माफी मांग ली थी। इस संबंध में विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के अनिल कापड़ी की ओर से एसएमएस भेजकर उन्हें धमकी दी गई है। चुफाल ने कहा कि अनिल आपराधिक प्रवृत्ति का है। उन्हें इस तरह की धमकी पहले से दी जाती रही है। पूर्व में रिपोर्ट करने के बाद उसने तहसीलदार से लिखित रूप से माफी मांगी थी। 21 जनवरी को उसने फिर धमकी दी है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही धमकी देने वाले आरोपी की गिरफ्तारी होगी।

# भू-धंसाव के साथ पहाड़ी से अब तक 2.21 करोड़ लीटर पानी का हुआ रिसाव

जोशीमठ/देहरादून। जोशीमठ में धीरे-धीरे हो रहे भू-धंसाव में दो जनवरी की रात को तेजी आई। इसी दौरान जेपी कंपनी की कॉलोनी के पिछले हिस्से में पहाड़ी से मटमैले पानी का रिसाव शुरू हो गया था, जो अभी भी प्रशासनिक अधिकारियों और वैज्ञानिकों के लिए पहेली बना हुआ है। बीते 23 दिनों में जमीन के भीतर लगभग 2 करोड़ 21 लाख 40 हजार लीटर पानी का रिसाव हो चुका है। पानी की यह मात्रा किसी बड़ी झील के बराबर है। जोशीमठ के भूधंसाव में जेपी कॉलोनी के पिछले हिस्से में निकल रहे पानी को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी और तकनीकी संस्थानों के लिए भी यह पानी अब भी अबूझ पहेली बना है। पानी के नमूने भी एनआईएच की ओर से लिए जा चुके हैं। इस संबंध में एक बार शासन को रिपोर्ट सौंपी जा चुकी है, लेकिन संतुष्ट नहीं होने पर संस्थान से फिर से जांच के लिए कहा गया है। वहीं, दूसरी तरफ अन्य वैज्ञानिक संस्थाएं भी पानी के स्रोत को ढूंढने के साथ ही इसके रिसाव के कारणों को जानने में जुटी हैं।

इस संबंध में पूछे जाने पर सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा ने बताया कि दो जनवरी को शुरू हुए पानी के रिसाव पर एनजीआरआई ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी है। उसके मौटे तौर पर यह बात सामने आई है कि जोशीमठ के ऊपरी क्षेत्र में और वहां आई दरारों में सूखापन पाया गया है।

पानी नीचे मारवाड़ी की तरफ चला गया है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि ऊपरी क्षेत्र का पानी ही जेपी कॉलोनी में बाहर आ रहा है। बारिश होने पर इसके प्रवाह में बढ़ोतरी इस आशंका को बल दे रहा है। लेकिन यह प्रारंभिक आकलन है। इस बारे में फाइनल रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। 3 जनवरी-550 एलपीएम, 4 को 550, 5 जनवरी को 550, 6 जनवरी को 540, 7 को 500, 8 को 400, 9 को 300, 10 को 250, 11 को 245, 12 को 200, 13 को 177, 14 को 240, 15 को 240, 16 को 163, 17 को 150, 18 को 123, 19 को 100, 20 को 150, 21 को 250, 22 को 136, 23 को 136, 24 को 180, 25 को 182 एलपीएम पानी का रिसाव हुआ।

# मुस्लिम फंड संचालक समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, खाताधारकों के करोड़ों रुपये लेकर हुए थे फरार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। हजारों खाताधारकों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हुए कबीर म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड (मुस्लिम फंड) संचालक अब्दुल रज्जाक और दो प्रॉपर्टी डीलरों को पुलिस व एसओजी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों प्रॉपर्टी डीलरों ने रज्जाक को एक पार्टी से मिलवाया था। उनसे 100 करोड़ रुपये की विदेश से मदद मिलने के बाद इस काले धन को सफेद करने का सौदा तय हुआ था। वहीं एक हजार करोड़ रुपये के पुराने नोटों को भी बदलवाने का ठेका रज्जाक ने लिया था। इन दोनों कामों के लिए उसने पांच करोड़ रुपये की कमीशन मुस्लिम फंड के पैसों से दे दी थी। जब पैसा वापस नहीं मिला तो रज्जाक फरार हो गया। पुलिस तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

शुक्रवार को रोशनाबाद पुलिस कार्यालय में मामले का खुलासा करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 21 जनवरी को कबीर म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड (मुस्लिम फंड) संचालक अब्दुल रज्जाक निवासी ग्राम सराय हजारों खाताधारकों की जमा रकम को लेकर फरार हो गया था। आरोपी के खिलाफ वसीम राव निवासी ग्राम इब्राहिमपुर थाना पथरी की शिकायत पर 2.81 लाख रुपये और अन्य हजारों खाताधारकों की जमा रकम लेकर फरार होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था।

एसएसपी अजय सिंह के निर्देशन में छह टीमें आरोपी की धरपकड़ के साथ ही पूरे मामले के पर्दाफाश के लिए लगाई गई थीं। बृहस्पतिवार को मुख्य आरोपी अब्दुल रज्जाक और उसके दो साथी नसीम उर्फ मुन्ना व मशरूर निवासी ग्राम सराय ज्वालापुर को हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 1998 से अब्दुल रज्जाक मुस्लिम फंड संचालित कर रहा था। वर्ष 2020 में ही कबीर म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड के रूप में कारपोरेट मंत्रालय से मान्यता ली थी। इसमें 13,382 खाते चालू मिले। 8716 खातों में 500 रुपये से कम राशि मिली। खाताधारकों की कुल 7.5 करोड़ की रकम जमा मिली। करीब 1.50 करोड़ रुपये अब्दुल रज्जाक ने लोगों का सोना गिरवी रखकर 12 फीसदी वार्षिक ब्याज पर दिया हुआ था। सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल ने बताया कि मुस्लिम फंड में जमा धनराशि को लोग बिना ब्याज लिए जमा कराते थे। आरोपी रज्जाक और उसके साथी प्रोपर्टी की खरीद-फरोख्त कर इस पैसे को अपने निजी हित में लगाते थे। आरोपी वर्ष 2013 से मुस्लिम फंड में जमा कराई गई रकम को अपने साथी नसीम उर्फ मुन्ना और मशरूर की मदद से ज्वालापुर के आसपास प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त कर लाभ उठा रहा था। दोनों को अब्दुल रज्जाक के पास मुस्लिम फंड में अच्छी खासी रकम जमा होने की बात पता चल गई थी। सीओ निहारिका सेमवाल के मुताबिक वर्ष 2020 में मशरूर और नसीम उर्फ मुन्ना ने रज्जाक को संभल निवासी अन्सार से मिलवाया। उसे बताया कि अंसार का साथी साजिद मुंबई में रहता है। उसका परिचित लंदन में रहता है जो अपने 100 करोड़ रुपये के काले धन को किसी पंजीकृत संस्था को दान देकर सफेद कराना चाहता है। उन्होंने झांसा दिया कि मुस्लिम फंड में ये रकम आने के बाद 80 करोड़ उसे वापस करने होंगे। 20 करोड़ उन्हें मिल जाएंगे। लगभग 8-10 करोड़ खर्च स्कूल आदि खोले लेंगे और कुछ सामाजिक कार्य करने के बाद बाकी रकम आपस में बांट लेंगे। इसके बाद रज्जाक ने साढ़े तीन करोड़ रुपये की कमीशन दे दी। वहीं एक हजार करोड़ रुपये की पुरानी करेंसी को बदलने के नाम पर भी रज्जाक ने दो करोड़ रुपये की कमीशन दी।

# अभिभावक बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव करें उत्पन्न : योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने 05 विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा लिखित 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक तथा 08 मेधावी विद्यार्थियों को 01 लाख रु0 का चेक, टैबलेट तथा सम्मान पत्र प्रदान किया



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना अच्छी बात है, लेकिन इसके लिए बच्चों को बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उन पर दबाव नहीं बनाना चाहिए। बच्चे अपने बौद्धिक एवं शारीरिक विकास तथा अपनी क्षमता के अनुरूप परिणाम देने में सक्षम हैं। इससे अतिरिक्त परिणाम देने के लिए उन पर दबाव बनाकर हम उनके साथ अन्याय करते हैं। अक्सर इससे बच्चे अवसाद में चले जाते हैं। अच्छा करने के लिए उनके मन में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव उत्पन्न करना आवश्यक है। दबाव बनाकर या शॉर्टकट का रास्ता अपनाकर बच्चों को सफलता की ओर अग्रसर करने का प्रयास उनके लिए घातक हो सकता है। अभिभावकों को बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय यू0पी0 सैनिक स्कूल में माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'बच्चों को 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक के वितरण, 1698 मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान एवं टैबलेट वितरण' कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत आधुनिक कंट्रोल रूम 'विद्या समीक्षा केन्द्र' का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में विद्या समीक्षा केन्द्र पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया गया, जिसे मुख्यमंत्री सहित सभी उपस्थित लोगों ने सुना। मुख्यमंत्री ने 05 विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा लिखित 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक प्रदान की। उन्होंने 08 मेधावी विद्यार्थियों को 01 लाख रुपये का चेक, टैबलेट तथा सम्मान पत्र प्रदान किया। शिक्षा विभाग द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां प्रदेश के मेधावी छात्रों का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया है। ऐसे ही कार्यक्रम प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित किये जा रहे हैं। वर्ष 2021-22 में हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को आज टैबलेट तथा आवश्यक धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है। हम देश के पहले सैनिक स्कूल में इस कार्यक्रम के साक्षी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सैनिक स्कूल वर्ष 1960 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ0 सम्पूर्णानन्द जी ने स्थापित किया था। इसकी अनेक विशेषताएं हैं। इस सैनिक स्कूल के बाद देश के अलग-अलग राज्यों में सैनिक स्कूलों की श्रृंखला स्थापित हुई। यह देश का पहला सैनिक स्कूल है, जहां पर बालिकाओं का भी प्रवेश हुआ है। आज उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में 05 सैनिक स्कूल या तो संचालित हो रहे हैं या अगले वर्ष तक संचालित करने की कार्यवाही को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर बच्चे, अभिभावकों तथा विद्यालय के प्रबन्धकों के दबाव के कारण तनाव से मुक्त नहीं हो पाते। इन स्थितियों में बच्चे परीक्षाओं में हतोत्साहित हो जाते हैं। तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षाओं की तैयारी करने तथा परीक्षा को एक सामान्य रूटीन वर्क के रूप में लेने के विषय पर आज प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम में कुल 1698 छात्र-छात्राओं को आज सम्मानित किया जा रहा है। उन्हें धनराशि, टैबलेट तथा प्रशस्ति पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्रसन्नता का विषय है कि 1698 छात्र-छात्राओं में 873 बालिकाएं तथा 825 बालक हैं।

बालिकाओं के मन में रचनात्मकता और कुछ कर गुजरने की भावना विभिन्न बोर्डों की परीक्षाओं में देखने को मिल रही है। डिग्री कोर्सेज में भी इस सम्बन्ध में अच्छी संख्या देखने को मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एग्जाम वॉरियर्स पुस्तक लिखी है। यह पुस्तक तथा आज 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से प्राप्त होने वाला प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन बोर्ड परीक्षा देने वाले सभी छात्र-छात्राओं के साथ ही उन विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी है, जिन्हें भविष्य में कोई परीक्षा देनी है। बहुत से बच्चे दबाव में आकर गलत कदम उठा लेते हैं। ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने सभी छात्र-छात्राओं से अवसाद एवं तनाव से मुक्त होकर अपने को तैयार करने की अपील करते हुए अभिभावकों, प्रधानाचार्यों तथा शिक्षकों से परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त माहौल सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी मेधावी विद्यार्थियों के मन में अच्छा करने तथा लीक से हटकर नया करने का भाव होना चाहिए। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प है कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश हमेशा अग्रणी रहे। मुख्यमंत्री जी के प्रभावी मार्गदर्शन में प्रदेश की परीक्षाओं में अनुसूचित साधनों के प्रयोग पर रोक लगायी गयी, जिसका परिणाम है कि राज्य में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न हुई है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज सरकारी विद्यालयों के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ा है। विद्यालयों में बच्चों के नामांकन में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, लखनऊ की मण्डलायुक्त रोशन जैकब, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार, कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय यू0पी0 सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य कर्नल राजेश राघव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# संविधान हमें समानता, सहिष्णुता, देशभक्ति और सद्भावना सिखाता है : आनंदीबेन पटेल

## राज्यपाल की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस की संध्या पर राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लखनऊ । प्रदेश के राजभवन के बड़ा लॉन प्रांगण में गणतंत्र दिवस की पुनीत संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों और यहाँ के अध्यासितों के बच्चों के साथ-साथ नृत्य, संगीत एवं अभिनय कि शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों ने भी देश-प्रेम से ओत-प्रोत गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियाँ दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने मटकी में जलधारा पावाहित कर जल संरक्षण के संदेश के साथ किया। इस अवसर पर राज्यपाल सभी प्रतिभागी बच्चों के बेहतरीन प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि पिछले तीन सालों से राजभवन के बच्चों द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर प्रस्तुतिकरण की परम्परा प्रारम्भ की गई थी। तब से अब तक बच्चों की प्रस्तुतियों में दक्ष कलाकार के स्तर तक बेहतर हो गई है।



स्वतंत्रता सेनानियों के जुनून को लेकर कानपुर के समीप बागी सैनिक की कहानी पर प्रस्तुत नाट्य प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ये स्वतंत्रता सेनानियों के उस जुनून की वास्तविक प्रस्तुति है। हमें याद रखना चाहिए कि सबकी सामूहिक लड़ाई से ही ये आजादी प्राप्त हुई है। इसे बनाए रखने, देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हमारी है। हमें भेदभाव रहित समाज बनाना है और सिर्फ देश के विकास के लिए ही प्रयास करना है। बच्चों की सामूहिक प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल ने बच्चों की भेदभाव रहित निर्मल भावना की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों में कोई ऊँच नीच नही होता। परिवार के बड़े लोग ही उन्हें ये भेदभाव सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सभी को समान अधिकार देता है। संविधान हमें समानता, सहिष्णुता, देशभक्ति और सद्भावना सिखाता है। हम सब इसी भाव को लेकर आगे बढ़ें। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में सभी को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की बधाई दी। इस अवसर पर राजभवन के सभी अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य तथा अतिथिगण उपस्थित रहे।

# आप पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लखनऊ । भारतीय लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यालय गोमती नगर में निकाय चुनाव समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया।

सभाजीत सिंह ने समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सभाजीत सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमको हमारे अधिकारों से अवगत कराता है और बताता है कि एक लोकतांत्रिक देश में किसी भी नागरिक के साथ अन्याय नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर आम आदमी पार्टी संकल्प लेती है कि हम जान देकर भी लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और जनता के अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे। सभाजीत सिंह ने सभी से आह्वान किया कि गणतंत्र दिवस पर सभी नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ लें क्योंकि नागरिक कर्तव्यों के पालन से हम अपने उत्तरदायित्व को बेहतर तरीके से निभा सकते हैं और प्रदेश और देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा की अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहें और उनका निरंतर पालन करते रहें। उन्होंने देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, प्रदेश में बढ़े 82 हजार नए वोटर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड में ढाई माह में 82 हजार नए मतदाता बन गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से मतदाता सूची के प्रकाशन में यह तथ्य सामने आया। अच्छी खबर यह भी है कि किसी भी पर्वतीय या मैदानी जिले में मतदाताओं की संख्या में गिरावट नहीं आई है।

शुक्रवार को संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह ने मतदाता सूची का प्रकाशन करते हुए सभी आंकड़े सामने रखे। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 80 लाख 85 हजार 488 थी जो कि 27 जनवरी तक बढ़कर 81 लाख 67 हजार 568 पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में सकारात्मक तौर पर मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। इस मौके पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तुदास भी मौजूद रहे।


**एक माह में सवाल लाख मतदाता जुड़े, 52 हजार नाम हटे**

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह ने बताया कि नौ नवंबर से आठ दिसंबर 2022 के बीच चले विशेष अभियान में कुल एक लाख 34 हजार 461 नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, मृत्यु आदि विभिन्न कारणों से 52 हजार 381 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। सबसे ज्यादा 23,128 मतदाता ऊधमसिंह नगर में जुड़े हैं। जबकि अल्मोड़ा में 7671, चमोली में 5373, रुद्रप्रयाग में 4334, टिहरी में 8407, देहरादून में 20219, हरिद्वार में 20127, पौड़ी में 11074, पिथौरागढ़ में 4484, बागेश्वर में 2283, अल्मोड़ा में 3808, चंपावत में 2942, नैनीताल में 15024 नए मतदाता जुड़े हैं। सबसे ज्यादा 12073 नाम देहरादून में हटे हैं।

**जिलावार मतदाताओं की संख्या में बदलाव**

| जिला- | नवंबर 2022 - | 27 जनवरी तक मतदाता |
|---|---|---|
| उत्तरकाशी- | 2,36,211- | 2,40,832 |
| चमोली- | 2,96,100- | 2,97,980 |
| रुद्रप्रयाग- | 1,92,158- | 1,95,099 |
| टिहरी- | 5,23,274- | 5,29,809 |
| देहरादून- | 14,89,004- | 14,97,150 |
| हरिद्वार- | 14,15,748- | 14,29,630 |
| पौड़ी- | 5,70,190 | -5,73,941 |
| पिथौरागढ़- | 3,74,640- | 3,77,001 |
| बागेश्वर- | 2,15,753- | 2,18,191 |
| अल्मोड़ा- | 5,31,805- | 5,34,297 |
| चंपावत | -2,02,649- | 2,04,137 |
| नैनीताल- | 7,65,260- | 7,76,252 |
| यूएस नगर- | 12,72,696- | 12,93,249 |

## संपादकीय



# भारतीय गणतंत्र की सकारात्मक यात्रा

हम आज अपना 74वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं और हमारी स्वतंत्र गणतांत्रिक व्यवस्था के 73 वर्ष पूरे हुए हैं. पिछले वर्ष औपनिवेशिक शासन से भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे हुए थे. आम तौर पर कहा जाता है कि भारत में लोकतंत्र स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आया और उस यात्रा ने सात दशक से अधिक का समय पार कर लिया है. इस अवधि में हमारे देश में लोकतंत्र की पैठ गहरी हुई है समाज की संरचना और उसके प्रमुख ढांचे भी उत्तरोत्तर लोकतांत्रिक होते गये हैं, चाहे वह राजनीतिक ढांचा हो, सामाजिक ढांचा हो, सांस्कृतिक ढांचा हो. लोकतांत्रिक होने की इस प्रक्रिया को लेकर मुख्य रूप से दो तरह के तर्क दिये जाते हैं. एक तर्क यह है कि चूंकि यह प्रक्रिया सामंती पृष्ठभूमि से निकली है, तो लोकतंत्र के नीचे तक पहुंच पाना एक मुश्किल प्रक्रिया है. दूसरा तर्क यह है कि भारत में लोकतंत्र का इतिहास बहुत प्राचीन काल से प्रारंभ होता है, जब हमारे यहां महाजनपदों या गणराज्यों का विकास हुआ. उस काल में शासक का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से लोगों द्वारा किया जाता था. इस संबंध में काशी प्रसाद जायसवाल की पुस्तक स्वतंत्रता प्राप्ति से बहुत पहले ही प्रकाशित हो चुकी थी. इस तर्क के आधार पर ही भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' (लोकतंत्र की जननी) कहा जाता है. ऐसे में भारतीय समाज में एक अंतर्निहित लोकतांत्रिक चेतना उपस्थित है. इस आधारभूत संरचना के कारण स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र का विस्तार होता गया है. भारत एक गणतांत्रिक राष्ट्र है और बीते सात दशकों में विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नीतियों, गतिविधियों एवं प्रयासों के माध्यम से नीचे तक गणतंत्र को फैलाने का कार्य हुआ है. समाज की आधारभूत संस्थाओं तक लोकतंत्र का प्रसार हुआ है. जहां तक इस यात्रा में कमियों अथवा अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं के फलीभूत होने या न होने का प्रश्न है, तो मेरा मानना है कि देश में लोकतांत्रिक चेतना का तो व्यापक प्रसार हुआ है. इस प्रसार की प्रक्रिया में संघर्ष होते हैं, निराशा भी होती है, आशा भी जगती है. यह सब भी हो रहा है और इसी के साथ जनतंत्र भी फैलता जा रहा है. दूसरी बात यह है कि जनतांत्रिक राज्य से जो लाभ मिलने चाहिए, आशाएं कितनी पूरी हुईं, तो हमें यह समझना चाहिए कि आशाएं कभी भी पूरी नहीं होतीं. होता यह है कि हम एक समय में एक लक्ष्य या आशा रखते हैं कि हमें यह मिल जाए. आकांक्षा रखने की भी समुदाय में एक क्षमता होती है. उस आधार पर आशा की जाती है. जब वह पूरी हो जाती है, तो आकांक्षाओं का भी विस्तार हो जाता है. यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहती है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# एसआईटी के हत्थे चढ़ा सेवानिवृत्त शिक्षक अब तक 12 आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। पटवारी भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक प्रकरण में एसआईटी ने रिटायर शिक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आधा दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों से रकम तय की थी और उन्हें बिहारीगढ़ के रिजॉर्ट में लेकर पहुंचा था। एसआईटी ने आरोपी के कब्जे से दो लाख रुपये की रकम और चेक बरामद किए हैं। आरोपी को देहरादून स्थित भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अब तक 12 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

शुक्रवार को रोशनाबाद पुलिस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी क्राइम एवं एसआईटी प्रभारी रेखा यादव ने बताया कि एसएसपी अजय सिंह के निर्देशन में पटवारी भर्ती परीक्षा में धांधली के मामले की जांच करते हुए गुरुवार को आरोपी रिटायर शिक्षक अभयराम निवासी पीतपुर लक्सर को गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए आरोपी अभयराम की अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से राजपाल और संजीव दुबे से मुलाकात हुई। जिसके बाद उसने दोनों के साथ मिलकर अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए। एसआईटी प्रभारी रेखा यादव ने बताया कि आरोपी के जरिये रिजॉर्ट में पहुंचे उक्त अभ्यर्थियों को चिन्हित कर लिया गया है। उनसे आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। आरोपी के कब्जे से दो लाख रुपये की रकम और सिक्योरिटी के लिए अभ्यर्थियों से लिए गए चेक आदि बरामद हुए हैं।

# हेलंग बाईपास के विरोध में उतरे लोग, सरकार ने कहा, सामरिक दृष्टि से बनाना है जरूरी

जोशीमठ(चमोली)। भू-धंसाव से प्रभावित जोशीमठ और उसके आसपास के गांवों के लोग व व्यापारी शुक्रवार को हेलंग-मारवाड़ी बाइपास व एनटीपीसी परियोजना के विरोध में सड़क पर उतर आए। उन्होंने जन आक्रोश रैली निकाली और प्रदर्शन किया। प्रदेश सरकार ने कहा कि हेलंग-बाइपास सामरिक दृष्टि बनाना जरूरी है। कुछ लोग तरह-तरह की आशंकाएं जता कर इसका विरोध कर रहे हैं, जो सही नहीं हैं। शुक्रवार को भू-धंसाव से प्रभावित लोग बदरीनाथ बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे मारवाड़ी चौक होते हुए संस्कृत महाविद्यालय तक जन आक्रोश रैली निकाली और प्रदर्शन किया। लोगों ने एनटीपीसी वापस जाओ, बाईपास निर्माण बंद करो, प्रभावितों को उचित मुआवजा दो... के नारे लगाए। संस्कृत महाविद्यालय परिसर में आयोजित सभा आयोजन में जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने कहा कि सभी लोगों की राय है कि जोशीमठ की बरबादी के लिए एनटीपीसी की तपोवन विष्णुगाड़ जल विद्युत परियोजना जिम्मेदार है। इसे तुरंत बंद करके कंपनी को वापस भेज देना चाहिए। साथ ही मांग की कि एनटीपीसी ने जितना खर्च किया है, उसके दो गुना खर्च करके कंपनी को लोगों का पुनर्वास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 27 दिनों से प्रभावित परिवारों के लोग धरना दे रहे हैं, लेकिन अभी तक पुनर्वास और मुआवजे को लेकर सरकार कोई निर्णय नहीं ले पाई है। इस दौरान जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के प्रवक्ता कमल रतूड़ी, जोशीमठ ब्लॉक प्रमुख हरीश परमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष नैन सिंह भंडारी, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष चंडी प्रसाद बहुगुणा, भाकपा माले के गढ़वाल सचिव इंद्रेश मैखुरी, हरीश भंडारी, भरत सिंह कुंवर सहित सभी नौ वार्डों के साथ ही सेलंग, बडग़ांव, मेरग सहित अन्य गांवों के लोग मौजूद रहे। संघर्ष समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र पंवार ने कहा कि एक साल पहले गांधी वार्ड में भू-धंसाव शुरू हो गया था। तब से नगर के जो सुरक्षित क्षेत्र थे, वह भी अब असुरक्षित हो गए हैं। प्रभावितों को उचित मुआवजा देने के साथ जल्द पुनर्वास किया जाए।

# अंजलि अरोड़ा ने अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर खुलकर की बात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

'लॉक अप' फेम अंजलि अरोड़ा ने अपने अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में खुलकर बात की और साझा किया कि अनावश्यक ट्रोलिंग से निपटना कितना कठिन है। उन्होंने साझा किया, जब किसी के साथ कुछ भी गलत होने की बात आती है, तो बहुत सारे बुद्धिजीवी लोग अपने विचार और अनुभव सामने रखते हैं, लेकिन जिस क्षण वे समाज से दूर हो जाते हैं और अपने सोशल मीडिया को खोलते हैं, उनके परिपक्व, खुले, समझदार विचार गायब हो जाते हैं और उनके पास केवल अभद्र भाषा, अपमानजनक शब्द रह जाते हैं।


उन्होंने ऑनलाइन ट्रोल होने के बाद गंभीर मानसिक बीमारी का सामना करने की बात भी कही।

उन्होंने साझा किया, हां, ट्रोलिंग मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है और यह किसी के जीवन को गहराई तक परेशान कर सकती है। मैं यह अच्छी तरह से जानती हूं क्योंकि मैंने ट्रोलिंग का सामना किया है, जिसने न केवल मुझे बहुत रुलाया बल्कि मुझे सोचने पर भी मजबूर किया।

अंजलि काफी लंबे समय से डिप्रेशन का सामना कर रही हैं। दरअसल, एक बार उन्होंने एक रियलिटी शो में खुलासा किया था कि उन्होंने 11वीं कक्षा में आत्महत्या का प्रयास किया था।

मैं बहुत लंबे समय से, लगभग कुछ महीनों से डिप्रेशन में हूं। मेरे दिमाग में बस एक ही बात चल रही थी, ये चीजें मेरे साथ क्यों हो रही हैं और मुझे जीवन में ऐसी चीजों का सामना क्यों करना पड़ रहा है। लेकिन उन चीजों के बारे में बोलकर अपने करीबियों के लिए, मैंने खुद को स्थिर किया और इतना प्रयास करने और खुद को अधिक समय देने के बाद, मैं मजबूत हो गई और मैं उत्साह से भरे जीवन में वापस आ गई।

अवसाद और मानसिक बीमारी से निपटने के उपायों के बारे में बात करते हुए अंजलि ने निष्कर्ष निकाला, हर किसी के लिए एक ही समाधान नहीं है क्योंकि सभी के जीवन में, संघर्ष, परिवेश, सोच, मानसिक स्वास्थ्य और समस्याएं एक जैसी नहीं होती हैं।



## 21 साल की उम्र में अवनीत कौर ने फिर लगाया बोल्डनेस का तडक़ा

एक्ट्रेस अवनीत कौर पिछली काफी टाइम से लगातार अपनी बोल्ड और हॉट तस्वीरें शेयर करने के चलते लाइमलाइट में हैं। वह लगातार सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और हॉट तस्वीरें शेयर कर रही हैं। कुछ समय पहले तक सुपर क्यूट वाले कमेंट पाने वाली अवनीत अब कभी बिकिनी तो कभी ट्रेडिशनल लुक्स में अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उनकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने सिजलिंग लुक्स से इस कदर फैंस को अपना दीवाना बनाने में लगी हुई हैं कि लोग उनकी तारीफ करने से कभी पिछे नहीं हटते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एनिमल प्रिंट जंपसूट आउटफिट में बेहद ही क्लासी फोटोज शेयर की हैं। अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस अवनीत कौर ने ब्लैक कलर का जैकेट कैरी किया है। एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी इन तस्वीरों में डीप नेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाती हुई दिखाई दे रही हैं। अपने बालों को बांध कर साथ ही डार्क रेड कलर की लिप्सटिक लगा कर एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी इन तस्वीरों को ओर भी ज्यादा अट्रेक्टीव बनाया है। इन फोटोज में एक्ट्रेस अवनीत कौर अलग-अलग पोज देते हुए सिजलिंग अदाओं का जलवा बिखेर रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस को उनका ये लुक बेहद पसंद आता है। अवनीत कौर आए दिन अपने फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस का दिल इस कदर जीत लेती हैं कि लोगों को उनकी हर एक झलक पाने का बेसब्री से इंतजार रहता है।

## किसी का भाई किसी की जान का टीजर रिलीज, धांसू अवतार में दिखे सलमान

जहां एक तरफ पठान चर्चा में है, वहीं सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान भी कम सुर्खियों में नहीं है। इस फिल्म का इंतजार प्रशंसक लंबे समय से कर रहे हैं। यह वही फिल्म है, जिसका नाम पहले कभी ईद कभी दिवाली रखा गया था। सलमान के प्रशंसकों को उनकी इस फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है। सलमान ने खुद टीजर सोशल मीडिया पर साझा किया है। सलमान ने इंस्टाग्राम पर मसालेदार टीजर शेयर कर लिखा, सही का होगा सही, गलत का होगा गलत। टीजर में सलमान का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है। एक तरफ वह अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ इश्क लड़ा रहे हैं तो दूसरी तरफ गुंडों की जमकर धुनाई करते दिख रहे हैं। टीजर में वो सबकुछ है, जो प्रशंसकों को सलमान की फिल्मों में चाहिए होता है।



## शमिता शेट्टी की फिल्म द टेंनेंट का ट्रेलर जारी, 10 फरवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी लंबे ब्रेक के बाद एक बार फिर से बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म द टेनेंट का ट्रेलर बुधवार को रिलीज किया गया। इस फिल्म में शमिता के साथ स्वानंद किरकिरे, शीबा चड्ढा और अतुल श्रीवास्तव जैसे कलाकार हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे पुरुषवादी समाज को महिलाओं का आत्मनिर्भर होना खटकता है। द टेनेंट आने वाली 10 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शमिता के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्म मोहब्बतें से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। हालांकि, उन्हें इंडस्ट्री में ज्यादा पहचान नहीं मिली। बॉलीवुड के अलावा शमिता रियलिटी शो बिग बॉस, झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी का भी हिस्सा रह चुकी हैं। उन्हें पिछली बार बिग बॉस ओटीटी में देखा जा गया था। वे विजेता नहीं बनीं थीं।

## सिद्धार्थ आनंद की अगली पैन इंडिया फिल्म में प्रभास के बाद ऋतिक की एंट्री!

प्रभास जल्द ही बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की अगली फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। अब जो खबर आ रही है, उससे प्रशंसक फूले नहीं समाएंगे। दरअसल, इस फिल्म में ऋतिक रोशन भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा सकते हैं। अब जिस फिल्म में प्रभास और ऋतिक जैसे दो सुपरस्टार्स साथ होंगे, उसे लेकर उत्साहित होना तो बनता है।

रिपोर्टों के मुताबिक, फिल्म में प्रभास का नाम पहले ही तय हो गया था और दूसरी भूमिका के लिए ऋतिक से बातचीत हो गई है। सिद्धार्थ ने फिल्म में ऋतिक को कास्ट कर लिया है। प्रभास और ऋतिक को फिल्म में लेने का फैसला इसलिए किया गया है, क्योंकि जहां प्रभास की साउथ में तगड़ी फैन फॉलोइंग है, वहीं बॉलीवुड में ऋतिक की तूती बोलती है। ऐसे में निर्माता-निर्देशक इन दोनों सितारों का स्टारडम फिल्म में भुनाना चाहते हैं। प्रभास की सिद्धार्थ के साथ यह पहली फिल्म होगी, जबकि ऋतिक उनके साथ तीसरी बार काम करेंगे। उन्होंने सबसे पहले सिद्धार्थ संग फिल्म वॉर में काम किया था, जो सुपरहिट थी। इसमें ऋतिक के साथ पहली बार टाइगर श्रॉफ दिखे थे। सिद्धार्थ के साथ ऋतिक इन दिनों फिल्म फाइटर में काम कर रहे हैं, जिसमें पहली बार उनकी जोड़ी दीपिका पादुकोण के साथ बनी है। अब अगर बात बन जाती है तो ऋतिक को तीसरी बार सिद्धार्थ का साथ मिलेगा।